अजीत समाचार 04/06/2024

जीएमएन कॉलेज को 5 कोर्स एआईसीटीई की मान्यता हुई प्राप्त

पत्रकारों को नये शुरू होने वाले कोर्स की जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य।

अम्बाला कैंट, 3 जून (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नेशनल कॉलेज अम्बाला छावनी में नये सत्र के प्रवेश की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है तथा महाविद्यालय में नये जोश और उत्साह के साथ स्टाफ तैयार है। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियो को शिक्षा के साथ साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर ध्यान दिया जाता है। महाविद्यालय में स्पोट्र्स, कल्चरल एक्टिविटी, एनएसएस, एनसीसी, रेड क्रास, रेड रिबन सहित विभिन्न सैल हैं, जो विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करती हैं। डा. रोहित दत्त ने बताया कि महाविद्यालय ने बीसीए (ए.आई), एमसीए, एमबीए, हेतु इन्फोसिस-इंडियन आईटी कम्पनी के साथ एमओयू हुआ है, जो अपने आप मे अनूठा प्रयास है। इस एमओयू के माध्यम से लाइव प्रोजक्ट तथा स्किल बेस्ड शिक्षा के साथ साथ प्लेसमैंट का भी सुनहरा अवसर मिलेगा। जो महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभदायक होगा। जीएमएन कॉलेज आफ नर्सिंग अम्बाला का पहला नर्सिंग के कोर्स आरम्भ करने वाला कालेज़ बन गया है। जिसके अंर्तगत बीएससी नर्सिंग तथा जीएनएम के दाखिले भी इसी सत्र में किये जाएंगे। इस हेतु सरकारी एवं प्राइवेट हास्पिटल के साथ एमओयू किये गये हैं, जिसके अनुसार विद्यार्थी इन हास्पिटल में ट्रेनिंग कर सकेगें और उसके बाद उनके लिए उनमें प्लेसमेंट के अवसर भी मिलेंगें। इसके साथ-साथ देश-विदेश में विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट के अवसर महाविद्यालय द्वारा प्रदान किये जाएंगें। इस महाविद्यालय की नई उपलब्धि है आल इंडिया काउंसलिग फार टैक्नीकल एजुकेशन एआईसीटीई की अप्रुबल से 5 कोर्स चलेंगे। महाविद्यालय डिग्री कालेज में 5 कोर्स (बीसीए, बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीबीए, एमबीए और एमसीए) एआईसीटीई की मान्यता प्राप्त हुई है, जो अपने आप में अनूठी उपलब्धि है।

यह पांचों कोर्स एआईसीटीई (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) की मान्यता के साथ चलेंगें। बीसीए, बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीबीए, एमबीए और एमसीए में 60-60 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। जिनमें से बीसीए, बीसीए (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), बीबीए के प्रवेश आरम्भ हो चुके हैं तथा एमबीए और एमसीए, बीएससी नर्सिंग तथा जीएनएम के दाखिले जुलाई-अगस्त में आरम्भ होंगे।